# आकाशवाणी केन्द्र शिमला
## 15.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

## मुख्य समाचार

- जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा की जयंती– प्रधानमंत्री ने कहा– स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समुदाय का रहा अहम योगदान।
- राज्य के जनजातीय क्षेत्रों मे धूमधाम से मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस–भरमौर में हुआ राज्य स्तरीय समारोह।
- प्रदेश में चिट्टे के खिलाफ तीन महीने तक चलने वाला अभियान शुरू– मुख्यमंत्री ने समाज के सभी लोगों से हिमाचल को चिट्टा मुक्त बनाने में सक्रिय योगदान का किया आहवान।

और

- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–अफसरशाही राज्य सरकार पर हावी– मनमर्जी से काम कर रहे अधिकारी।

....

## बिरसा मुंडा – पुष्पांजलि

आज महान स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी नायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है और उनकी जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर अनेक कार्यक्रम आयोजित कर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के जनजातीय बाहुल्य नर्मदा जिले में हुये एक कार्यक्रम में भाग लिया और अनेक योजनाएं शुरू कीं। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर हमें सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव हजारों वर्षों से भारत की चेतना का अभिन्न अंग रहा है और स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय समाज के योगदान को देश कभी नहीं भुला सकता। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विदेशी शासन के अन्याय के विरुद्ध बिरसा मुंडा का संघर्ष और बलिदान हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।

## राज्यस्तरीय गौरव दिवस

चंबा ज़िले के जनजातीय क्षेत्र भरमौर में आज राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया जिसमें विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों और सामाजिक शोषण के खिलाफ जनजातीय समुदाय में जागृति पैदा की, जो देश के स्वतंत्रता इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय है।

चंबा ज़िले के किलाड़ में भी जनजातीय गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर जनजातीय क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परम्पराओं की शानदार झलक देखने को मिली। आवासीय आयुक्त रमन घरसंगी ने समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

इधर केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आज शिमला के गेयटी थियेटर में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें जनजातीय बुनकरों के उत्पाद प्रदर्शित किए गए।

## भाजपा–बिरसा मुंडा

भाजपा द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर ज़िला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिमला में हुए समारोह में जनजाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिंगटा ने बताया कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा द्वारा जनजाति समुदाय के कल्याण के लिए किए गए कार्यों को याद किया गया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में भगवान बिरसा मुंडा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

——बाईट–प्रदीप सिंगटा–39''——

## चिट्टा वॉकथॉन

राज्य सरकार ने प्रदेश में चिट्टे के खिलाफ आज से एक व्यापक अभियान शुरू किया है जो अगले तीन महीने तक चलेगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र

सिंह सुक्खू ने आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान से वॉकथॉन के साथ इस अभियान का शुभारम्भ किया। वॉकथॉन में बड़ी संख्यां मे स्कूली बच्चों व अन्य लोगों ने भाग लिया। वॉकथॉन का आयोजन रिज मैदान से चौड़ा मैदान तक किया गया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर लोगों को नशा मुक्त हिमाचल की शपथ दिलाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार चिट्टे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ेगी और पंचायत स्तर तक ये अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने समाज के सभी लोगों से हिमाचल को चिट्टा मुक्त बनाने में अपना सक्रिय योगदान देने का आहवान किया।

**<u>जयराम ठाकुर</u>**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि अफसरशाही राज्य सरकार पर हावी है और अधिकारी मनमर्जी से काम कर रहे हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि अधिकारियों की मनमर्जी के आगे मुख्यमंत्री बेबस हैं और राज्य सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर प्रदेश उच्च न्यायालय ने भी कई बार टिप्पणी की है। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार युवाओं को स्थायी नौकरी देने में नाकाम रही है और आउटसोर्स भर्ती के लिए एजेंसियों के चयन में भी भारी लापरवाही बरती जा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने बिजली मित्र, पशु मित्र और रोगी मित्र के पदों पर भर्ती कर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप भी लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कर्ज पर चल रही है और आत्मनिर्भरता की ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

**<u>पद यात्रा–सरदार पटेल</u>**

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में युवाओं में राष्ट्रभक्ति और एकता की भावना जागृत करने के उद्देश्य से देशभर में पदयात्रा अभियान शुरू किया गया है। इसी कड़ी में हिमाचल में भी अनेक पद यात्राएं हो चुकी हैं और शिमला ज़िले में 17 और 19 नवम्बर को पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। युवा मामले व

खेल मंत्रालय के शिमला ज़िला युवा अधिकारी विपिन कुमार ने शिमला में बताया कि इन पदयात्राओं से युवाओं का चयन राष्ट्रीय पदयात्रा के लिए किया जाएगा।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला ज़िले में जुब्बल क्षेत्र की झड़ग पंचायत में 35 लाख रुपये से बने पंचायत भवन और 18 लाख रुपये से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने 4 से 6 दिसम्बर तक होने वाले शांत महायज्ञ को लेकर भी अधिकारियों और स्थानीय लोगों के साथ बैठक की। रोहित ठाकुर ने झड़ग में लगभग 2 करोड़ रुपये से बन रहे प्राथमिक स्वास्थ्य भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया।

................